तस्करों से पकड़ी प्रतिबंधित दवा की खेप

दो आरोपियों से बरामद हुई हजारों रुपए की प्रतिबंधित दवाइयां

जगमार्ग न्यूज

यमुनानगर। उत्तर प्रदेश से मोटरसाइकिल पर हजारों रुपये की प्रतिबंधित दवाइयों की खेप लेकर जिले में प्रवेश कर रहे दो नशातस्करों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। आरोपितों से पुलिस ने प्रतिबंधित दवाइयों के चार सौ कैप्सूल व 520 टेबलेट बरामद की हैं।पुलिस ने दोनों आरोपितों के खिलाफ मामला दर्ज कर उन्हें अदालत में पेश कर पुलिस रिमांड पर ले लिया। पुलिस रिमांड के दौरान आरोपितों से महत्वपूण जानकारियां मिलने की उम्मीद है।

गिरफ्तार किए गए नशा तस्करों को कोर्ट में ले जाती पुलिस टीम।

पुलिस सूत्रों ने बताया कि जिला पुलिस की एंटी नारकोटिक्स सेल की टीम को सूचना मिली थी कि उत्तर प्रदेश की ओर से दो युवक ताजेवाला से होते हुए जिला में प्रवेश करेंगे। सूचना मिलते ही एंटी नारकोटिक्स सेल के प्रभारी जोग्रिं सिंह ने सब इंस्पेक्टर राजकुमार के नेतृत्व में टीम का गठन कर जांच के लिए भेजा। टीम ने ताजेवाला के नजदीक नाकाबंदी करके वाहनों की जांच शुरु कर दी। कुछ देर बाद एंटी नारकोटिक्स सेल की टीम को उत्तर

⇨ पुलिस ने दोनों आरोपितों का लिया पुलिस रिमांड

प्रदेश की ओर से दो युवकों को मोटरसाइकिल पर आते हुए देखा। टीम ने तुरंत मोटरसाइकिल सवार दोनों युवकों को रोकने का इशारा किया। मगर वह दोनों युवक सामने पुलिस को देखकर भाग खड़े हुए। जांज टीम ने तुरंत आरोपितों का पीछा कर उन्हें कुछ दूर से पकड़ लिया। इस दौरान मौके पर ड्यूटी मैजिस्ट्रेट एवं छछरौली के बीडीपीओ जोगेश कुमार व ड्रग इंस्पेक्टर प्रवीण कुमार को बुलाया गया। जिसके बाद दोनों आरोपितों की तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान आरोपितों से प्रतिबंधित दवाई प्रोवन सपास के 400 कैप्सूल व अलप्रसेव दवाई की 520 टेबलेट बरामद हुई। बताया गया है कि आरोपितों से बरामद की गई दवाइयों की कीमत बाजार में हजारों रुपये में है। पुलिस ने प्रतिबंधित दवाइयों की खेप को कब्जे में लेकर दोनों आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपितों की पहचान उत्तर प्रदेश के जिला सहारनपुर के गांव सैद मोह मदपुर गढ़ निवासी प्रेम प्रकाश व ललित के नाम से हुई। पुलिस ने दोनों आरोपितों के खिलाफ मामला दर्ज कर उन्हें अदालत में पेश कर पुलिस रिमांड पर ले लिया।

आरोपियों से अहम जानकारियां मिलने की उम्मीद

मामले की जांच कर रहे पुलिस की एंटी नारकोटिक्स सेल के प्रभारी जोग्रिं सिंह ने बताया कि पूछताछ में आरोपितों से पता लगाया जाएगा कि वह प्रतिबंधित दवाइयां कहां से लेकर आते हैं और किसे सप्लाई करते हैं। इसके अलावा भी आरोपितों से महत्वपूर्ण जानकारियां मिलने की उम्मीद है।

गणतंत्र दिवस समारोह में सीएम मनोहर लाल करेंगे ध्वजारोहण

बैठक के दौरान अधिकारियों को संबोधित करते उपायुक्त विक्रम सिंह।

जगमार्ग न्यूज

अम्बाला। उपायुक्त विक्रम सिंह ने कहा कि 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस के अवसर पर जिला स्तरीय समारोह में हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ध्वजारोहण करेंगे तथा परेड की सलामी लेंगे। समारोह के सफल आयोजन को लेकर अतिरिक्त उपायुक्त कार्यालय के कॉन्फ्रेंस हाल में अधिकारियों की बैठक लेते हुए उन्हें समारोह के दृष्टिगत आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

उपायुक्त ने निर्देश दिये कि कार्यक्रम के दृष्टिगत उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, उसके तहत वे आज से ही कार्य शुरू कर दें ताकि कार्यक्रम को भव्य और शानदार तरीके से मनाया जा सके। कार्यक्रम पुलिस लाईन मैदान अम्बाला शहर में आयोजित होगा। उपायुक्त ने कहा कि जिन विभागों द्वारा अपने विभाग से सम्बन्धित कर्मचारियों को

⇨ परेड की सलामी भी लेंगे : विक्रम सिंह

प्रशंसा पत्र देने के लिये संतुति की जानी है, वे इस कार्य को 20 जनवरी को उपायुक्त कार्यालय में भिजवाना सुनिश्चित करें। बैठक में पुलिस अधीक्षक जशनदीप सिंह रंधावा, अतिरिक्त उपायुक्त सचिन गुप्ता, एसडीएम हितेष कुमार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पूजा डाबला, एसडीएम बराड़ा सत्यवान सिंह मान, डीआरओ राजबीर धीमान, डीडीपीओ रेनू जैन, डीएमसी अमन ढांडा, जिला शिक्षा अधिकारी सुरेश कुमार, डीआईपीआरओ धर्मेन्द्र कुमार, डीआईओ विनय गुलाटी, डीएचओ अजेश कुमार, मत्स्य अधिकारी रवि भठला, कार्यकारी अभियंता जसविन्द्र मलिक सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी मौजूद रहे।

न्यूज इन ब्रीफ

छात्रा कृति व दुर्गा ने राज्यस्तरीय इंटर कॉलेज रेसिपी कुकिंग प्रतियोगिता में प्राप्त किया प्रथम स्थान

यमुनानगर (जगमार्ग न्यूज)। शहर के गुरु नानक कन्या महाविद्यालय में होम साइंस एसोसिएशन के तत्वावधान में राज्य स्तरीय ऑनलाइन इंटर कॉलेज रेसिपी कुकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें राज्य के विभिन्न कॉलेजों की सैंकड़ो छात्राओं ने भाग लिया। प्रतियोगिता का शुभारंभ महाविद्यालय की निदेशक डॉ. वरिं गांधी व प्रिंसिपल डॉ. अनु अत्रेजा ने किया। जबकि अध्यक्षता कार्यक्रम संयोजिका डॉ. प्रभजोत कौर ने की। कार्यक्रम संयोजिका डॉ. प्रभजोत कौर ने बताया कि प्रतियोगिता में जीएनजी कॉलेज यमुनानगर की एमएससी अंतिम वर्ष की छात्रा कृति और एमएससी प्रथम वर्ष की छात्रा दुर्गा अग्रवाल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं, आदर्श महिला महाविद्यालय भिवानी बीए अंतिम वर्ष की शिल्पी द्वितीय और स्वर्णदीप कौर तृतीय स्थान पर रही। जबकि जीएनजी कॉलेज की बीएससी होम साइंस की अंजलि कुमारी ने सांत्वना पुरस्कार जीता। मौके पर महाविद्यालय की निदेशक डॉ. वरिं गांधी ने कहा कि शीतकालीन संक्रांति के बीतने और सर्दियों के अंत को चिन्हित करने और लंबे दिनों का स्वागत करने के लिए एक लोक उत्सव है। क्योंकि सूर्य उत्तरी गोलार्ध में अपनी यात्रा शुरू करता है। इसी वजह से इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। उन्होंने प्रतिभागियों और आयोजन विभाग के प्रयासों की सराहना की। कॉलेज प्राचार्य डॉ. अनु अत्रेजा ने गृह विज्ञान विभाग को बधाई दी और विजेताओं के साथ-साथ प्रतिभागियों को बहुत सारी सकारात्मक ऊर्जा और उत्साह की कामना की। उन्होंने बताया कि सभी विजेताओं को ई-सर्टिफिकेट दिए जाएंगे। मौके पर समिति सदस्य हरजीत कौर, डॉ. निरुपमा सैनी, डॉ. वंदना सिंह व संदीप रीन आदि मौजूद रहे।

ट्रांसफर ड्राइव में सभी वर्गो का रखें ध्यानः संघ

बराड़ा (जगमार्ग न्यूज)। हरियाणा अनुसूचित जाति राजकीय अध्यापक संघ के राज्य प्रधान डॉ दिनेश नीमबढ़िया व राज्य प्रेस सचिव प्रेस सचिव मोहन परोचा ने संयुक्त रूप से बयान जारी कर कहा कि संघ द्वारा निदेशक मौलिक शिक्षा हरियाणा को पत्र लिखकर मांग की गई कि वर्तमान ट्रांसफर ड्राइव में मुख्य शिक्षकों को दिक्कत आ रही है। विभाग द्वारा मुख्य शिक्षक के पद के साथ 150 बच्चों की कंडीशन लगाना सरासर गलत है। पदाधिकारियों ने विभाग से मांग की है कि जिस प्रकार मिडिल स्कूल में 50 से कम छात्र संख्या होने पर भी एलिमेंट्री हेड मास्टर का पद होता है। इसी प्रकार प्राथमिक विद्यालय में भी यह नियम लागू किया जाए। उन्होंने बताया कि वर्ष 2016 के ट्रांसफर ड्राइव में मुख्य शिक्षकों को राहत देते हुए एक निर्धारित संख्या मानकर प्रत्येक खंड के बहुत से स्कूलों में मुख्य शिक्षक के पद वाले स्कूल खोल दिए थे। उस समय सभी को अपने मनपसंद के स्टेशन मिल गए थे। वर्तमान में जो मुख्य शिक्षक जॉन नंबर 1,2,3 में कार्यरत है । उनको घर से लगभग 60 से 70 किलोमीटर दूर स्टेशन मिलने से परिवारिक ताना-बाना अस्त-व्यस्त होने का डर सता रहा है । संघ ने विभाग से मांग की है कि इस ट्रांसफर ड्राइव में सभी वर्गो का समान रूप से ध्यान रखा जाए तभी इसे सुचारु रुप से चलाना सार्थक सिद्ध होगा।

बढ़ती ठंड से आम जन परेशान

रादौर (जगमार्ग न्यूज)। एक ओर जहां पिछले कई दिनों से शीतलहर से लोग ठिठुर रहे है और जगह जगह लोग अलाव जलाकर सर्दी के प्रकोप से बचने का प्रयास कर रहे है। वहीं एक बार फिर से मौसम विशेषज्ञों ने मौसम के परिवर्तनशील होने व बारिश होने की संभावना जताई है। अनुमान है कि अगले 3 दिनों में हल्की बूंदाबांदी हो सकती है। बारिश के अनुमान से जहां एक ओर ठंड के और अधिक बढने का अनुमान है वहीं किसानों की चिंता भी एक बार फिर से बढ़ गई है। किसानों का कहना है कि अब फसले बारिश झेलने की स्थिति में नहीं है। अगर बारिश होती है तो फसलों को नुकसान होने की पूरी संभावना है। वहीं जो किसान सब्जी की फसल लगाना चाहते है वह भी नहीं लगा पाएगें। इससे नर्सरी संचालकों के साथ साथ किसानों को भी नुकसान होगा। मौसम विशेषज्ञ डा. अजीत सिंह ने बताया कि पश्चिम विक्षोभ के कारण जिले मे मौसम परिवर्तनशील रहेगा। बादलवाई, गरज चमक व हवा चलने की संभावना है। इसके साथ ही 21 जनवरी की रात्रि से 23 जनवरी तक हल्की बूंदाबांदी होने की संभावना है। जिससे तापमान में भी गिरावट आएगी।

चोरी के दो आरोपियों को किया गिरफ्तार

अम्बाला (जगमार्ग न्यूज)। पुलिस अधीक्षक अम्बाला जशनदीप सिंह रंधावा के निर्देशानुसार अम्बाला पुलिस द्वारा चोरी/लूट/स्नैचिंग की वारदातों पर अकुंश लगाने के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के दौरान थाना बलदेव नगर क्षेत्र में चोरी के मामले में पुलिस ने निरीक्षक गौरव कुमार के नेतृत्व में तुरन्त कार्यवाही करते हुए आरोपी निशुपाल उर्फ निशु निवासी शिवपुरी कालोनी नग्गल रोड मस्जिद वाली गली अम्बाला छावनी व दिलशाद निवासी गाँव बल्ला माजरा थाना चैसाना जिला शामली यूपी वर्तमान पता टांगरी हनुमान मन्दिर न्यू शिवपुरी कालोनी अम्बाला थाना महेशनगर अमबाला छावनी को गिरफ्तार किया। आरोपियों को माननीय न्यायालय के आदेशानुसार न्यायिक हिरासत में भेजा गया। शिकायतकर्ता महिला ने थाना बलदेव नगर में शिकायत दर्ज करवाई थी कि 13 जनवरी को किसी अज्ञात ने लवली टैन्ट हाऊस माडॅल टाऊन अम्बाला शहर से 13 मेज चोरी कर लिए है। इस शिकायत पर पुलिस ने तुरन्त कार्यवाही करते हुए आरोपियों को गिरफ्तार किया।

उपायुक्त ने कार्यक्रम स्थल का दौरा किया

अम्बाला (जगमार्ग न्यूज)। 26 जनवरी को पुलिस लाईन मैदान अम्बाला शहर में आयोजित होने वाले जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह के आयोजन को लेकर उपायुक्त विक्रम सिंह ने आज प्रशासनिक अधिकारियों के साथ कार्यक्रम स्थल का दौरा करते हुए सम्बन्धित अधिकारियों को कार्यक्रम के दृष्टिगत आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। इस दौरान उनके साथ पुलिस अधीक्षक जशनदीप सिंह रंधावा, एडीसी सचिन गुप्ता व एसडीएम हितेष कुमार भी मौजूद रहे। उपायुक्त ने कार्यक्रम स्थल का दौरा करते हुए यहां पर की जाने वाली व्यवस्थाओं बारे सम्बन्धित अधिकारियों से जानकारी ली और नगर निगम व लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को विशेष तौर पर निर्देश दिये कि कार्यक्रम स्थल के नजदीक जलभराव नही होना चाहिए। वे आज से ही पुलिस लाईन मैदान से सम्बन्धित जो कार्य किये जाने हैं, दोनो विभाग बेहतर समन्वय के साथ करना सुनिश्चित करें। उन्होंने सीटिंग प्लान से लेकर अन्य व्यवस्था बारे चर्चा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये। इस मौके पर एसडीएम सत्यवान सिंह मान, डीएसपी मयंक, डीएमसी अमन ढांडा, तहसीलदार मुनीष यादव, कार्यकारी अभियंता जसविन्द्र मलिक, ईओ जरनैल सिंह सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

74 बोतल अवैध शराब सहित 7 आरोपी गिरफ्तार

अम्बाला (जगमार्ग न्यूज)। पुलिस अधीक्षक अम्बाला जशनदीप सिहँ रंधावा के निर्देशानुसार अवैध शराब की तस्करी करने वालों के विरूद्ध अम्बाला पुलिस द्वारा चलाए जा रहे विशेष अभियान के दौरान थाना शहजादपुर क्षेत्र नया बस स्टैण्ड के पास से अवैध शराब की तस्करी के मामले में गत दिवस पुलिस ने तुरन्त कार्यवाही करते हुए आरोपी राज कुमार उर्फ राजू निवासी शिव कालोनी शहजादपुर थाना शहजादपुर को (15 बोतल) अवैध शराब सहित गिरफ्तार कर थाना शहजादपुर में मामला दर्ज किया। एक अन्य मामले में थाना बलदेव नगर क्षेत्र मनमोहन नगर अम्बाला शहर से अवैध शराब की तस्करी के मामले में गत दिवस सी0आई0ए0-1 अम्बाला के पुलिस दल ने तुरन्त कार्यवाही करते हुए आरोपी अमित कुमार निवासी डेहा कालोनी रामनगर अम्बाला शहर को (09 बोतल) अवैध शराब सहित गिरफ्तार कर थाना नरायणगढ में मामला दर्ज किया।

सदर बाजार में लोगों को मास्क वितरित किए

अम्बाला (जगमार्ग न्यूज)। ब्राह्मण संगठन गांधी मार्किट अम्बाला छावनी के सदस्यों द्वारा संगठन की चैयरमेन नीलम शर्मा की अध्यक्षता में छावनी के विभिन्न बजारों में मास्क वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शहर के विभिन्न स्थानों पर न केवल हरियाणा रेड क्रोस की सहायता से उपलब्ध सैकड़ों मास्क का वितरण किया गया वहीं बजार में से उपलब्ध मास्क लेकर भी आम जन को उपलब्ध करवाये गये। इससे षहर के हजारों लोगों को इससे लाभ होने की उम्मीद है। मास्क वितरण समारोह के दौरान लोगों को जागरित करते हुये संगठन अध्यक्ष रमेश शर्मा ने लोगों का आह्वान किया कि ओमिकरोन रुपी बिमारी को यदि खतम करना है तो कोविड परोटोकोल का पालन करना जरुरी है तभी हम खुद को और समाज को खतरनाक बिमारी और महामारी से बचा पायेंगे। ब्राह्मण संगठन पदाधिकारियो के द्वारा निजि प्रयासों से उपलब्ध मास्क वितरण किया गया है। ब्राह्मण संगठन द्वारा भगवान परषुराम चौक, सदर बाजार, बस स्टेंड, इंद्रा चौक के अलावा सबजी मंडी व महेश नगर क्षेत्र में यह अभियान चलाया गया। बाजार में वरिष्ट समाज सेवी सुमन जैन व होमयो होम से डा. सातविक शर्मा का मास्क वितरण में विशेष योगदान रहा। इस अवसर पर ब्राह्मण संगठन अम्बाला की कार्यकारिणी की चेयरमेन नीलम शर्मा, प्रधान रमेश शर्मा, वरिष्ठ उपप्रधान दीपक शर्मा, वरिष्ट समाज सेवी सुमन जैन व होमयो होम से डा. सातविक शर्मा, ब्राह्मण संगठन से महासचिव प्रवीन शर्मा, संयुक्त सचिव सतीश भारद्वाज, देवदत शर्मा मीडिया प्रभारी, संयुक्त सचिव विशाल शर्मा, कार्यकारणी सदस्य सुरेन्द्र भारद्वाज, कार्यकारणी सदस्य विनोद गौतम, सुभाष शर्मा काका, हिमांशु पुंज, मानिक शर्मा युवा उपप्रधान, मुनीष पुंज अमित शर्मा मौजूद रहे।

वेतन न मिलने की समस्या को लेकर सचिव से मिले कर्मचारी

जगमार्ग न्यूज

सफाई कर्मचारियों से बात करते नगर पालिका सचिव।

रादौर। सफाई कर्मचारियों की वेतन न मिलने की समस्या को लेकर पार्षद नगरपालिका सचिव से मिले। इस दौरान पार्षदों ने सफाई कर्मचारियों का ठेकेदार की ओर से पिछले दो माह के वेतन न दिए की समस्या को उनके समक्ष रखा और जल्द से जल्द इसका समाधान करवाने की मांग की। जिस पर सचिव ने आश्वासन दिया कि वह सफाई कर्मचारियों के साथ है और उनकी समस्या को समझ रहे है। जल्द वेतन दिलाने का प्रयास किया जाएगा।

पार्षद कुलदीप नंबरदार, रविंद्र सैनी, राजन पासी, रोशनलाल सैनी, भगवतदयाल कटारिया व देवेंद्र लक्की ने कहा कि शहर की सफाई व्यवस्था में सफाई कर्मचारियों को योगदान सराहनीय है। वेतन को लेकर ठेकेदार से कई बार संपर्क किया जा चुका है लेकिन उसका रवैया ठीक नहीं है, जो कर्मचारियों का पीएफ भी सही तरीके से नहीं दे रहा है। अगर जल्द ही उसने अपना रवैया ठीक नहीं किया तो उसके संबंध में पार्षदो की एक बैठक बुलाई जाएगी और मामले को लेकर सख्त निर्णय लिया जाएगा। इसी समस्या को लेकर आज सचिव से मिले थे।

वेतन रोकने का कोई औचित्य नहीं

नपा की पेमेंट देरी से कर्मचारियों का वेतन रोकने का कोई औचित्य नहीं है। क्योंकि यह टेंडर में शर्त है कि अगर नपा की पेमेंट में देरी होती है तो भी ठेकेदार को हर माह कर्मचारियों को वेतन देना होगा। ठेकेदार ने कर्मचारियों का पीएफ नहीं जमा करवाया था और न ही अपने बिल जमा करवाए थे। जिस कारण पेमेंट में देरी हुई। दोबारा कर्मचारियों को इस प्रकार की परेशानी न हो इसके लिए सख्त निर्देश ठेकेदार को दिए गए है और नोटिस भी दे दिए गए है। सफाई कर्मचारी ठेकेदार से संबंधित है लेकिन फिर भी प्रयास किया जाएगा कि कोई परेशान न हो।

-राकेश वालिया, सचिव

जिला ऑटो एवं टाटा मैजिक यूनियन के सदस्यों ने मांगों को लेकर किया प्रदर्शन

यमुनानगर (जगमार्ग न्यूज)। जिला ऑटो एवं टाटा मैजिक यूनियन के सदस्यों ने यूपी के वाहनों द्वारा जिला में गलत रुप से सवारियां ढ़ोए जाने के विरोध में सोमवार को जिला सचिवालय के समक्ष प्रदर्शन किया। उन्होंने उपायुक्त पार्थ गुप्ता को ज्ञापन सौंपकर गलत रूप से सवारियां ढ़ोने वाले यूपी के वाहनों पर कार्रवाई किए जाने की मांग की। सोमवार सुबह जिला ऑटो एवं टाटा मैजिक यूनियन के सैंकड़ो सदस्य जोग्रिंद सिंह के नेतृत्व में जिला सचिवालय में पहुंचे और प्रदर्शन करने लगे। इसके बाद प्रदर्शनकारियों ने जिला सचिवालय में पहुंचकर उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में प्रदर्शनकारियों ने कहा कि पिछले काफी समय से यूपी के कुछ वाहन अपने क्षेत्र से गलत तरीके से जिले में सवारियां ला रहे हैं। इस दौरान वह वाहन चालक हरियाणा सरकार को कोई सवारियों को यहां से वहां लाने और ले जाने के लिए कोई टैक्स आदि भी नहीं दे रहे हैं। जिसकी वजह से जहां प्रदेश सरकार को रोजाना हजारों रुपये के राजस्व का नुक्सान हो रहा है, वहीं, जिले के ऑटो व टाटा मैजिक चालकों का धंधा चौपट हो रहा है। यूनियन के प्रधान जोगिंद्र सिंह ने बताया कि अधिकांश यूपी के इन वाहनों के पास ना तो गाड़ी नंबर है और ना ही कोई रोड़ परमिट है। यह वाहन रोजाना धड़ल्ले से चल रहे हैं और यमुनानगर से यूपी के सरसावा व सरसावा से यमुनानगर के विभिन्न स्थानों से बेरोकटोक सवारियां भरकर यहां से वहां ले जा रहे हैं। उन्होंने उपायुक्त पार्थ गुप्ता से ऐसे वाहनों पर कार्रवाई किए जाने की मांग की। मौके पर शीश पाल, रविं, सुभाष, संजय व बिट्टू आदि मौजूद थे।

समस्याओं से जूझ रहे कालोनीवासी

संघर्ष समिति की मोती बाग में आयोजित हुई बैठक में भाग लेते कॉलोनीवासी।

जगमार्ग न्यूज

यमुनानगर। मोती बाग संघर्ष समिति की बैठक सोमवार को कॉलोनी में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता समिति के प्रधान हरिनारायण शर्मा ने की। इस दौरान समिति सदस्यों ने नगर निगम प्रशासन द्वारा उनकी कॉलोनी में लोगों को आ रही समस्याओं को दूर नहीं करने का आरोप लगाया।

उन्होंने एक फरवरी तक उनकी कॉलोनी की समस्याएं दूर नहीं किए जाने पर मेयर कार्यालय का घेराव करने की चेतावनी दी। समिति अध्यक्ष हरिनारायण शर्मा ने कहा कि पिछले लंबे समय से मोती बाग कॉलोनी में गलियां कच्ची पड़ी हैं। उन्हें पक्का किए जाने की मांग की जा रही है।

वहीं, कॉलोनी में अभी तक बरसाती पानी की निकासी का कोई प्रबंध नहीं किया गया है। जिसकी वजह से बारिश का पानी गलियों व घरों में घुस जाता है। उन्होंने कहा कि कॉलोनी में सफाई व्यवस्था भी सुचारू नहीं है। कॉलोनी में जगह जगह गंदगी पड़ी रहती है। इस संबंध में कई बार नगर निगम के अधिकारियों को अवगत करवाया जा चुका है। मगर कॉलोनी में समस्याएं जस की तस खड़ी हैं।

इस मौके पर राजेश कांबोज, हरदेव सिंह, बाबु राम, सुखब्रिंद सिंह, नीरज कुमार, लक्की राणा, अनुज कुमार, सरदार जरनैल सिंह पुंडीर साहब आदि मौजूद थे।

⇨ बैठक में समिति सदस्यों ने एक फरवरी तक उनकी समस्याएं पूरी नहीं होने पर किया मेयर कार्यालय का घेराव करने का ऐलान

हत्या के प्रयास का आरोपी गिरफ्तार

अम्बाला (जगमार्ग न्यूज)। थाना अम्बाला शहर में दर्ज सुआ द्वारा हत्या का प्रयास करने के मामले में पुलिस ने कार्यवाही करते हुए आरोपी विजय कुमार निवासी उर्फ प्रिन्स निवासी कैथमाजरी नजदीक मंजी साहिब गुरूद्वारा अम्बाला शहर को गिरफ्तार किया। आरोपी का माननीय न्यायालय के आदेशानुसार 1 दिन का रिमाण्ड मंजूर हुआ था जिसे आज न्यायिक हिरासत में भेजा गया। शिकायतकर्ता चरणजीत सिहँ निवासी त्रिवेणी रोड नजदीक मैहरा अम्बाला शहर ने 15 जनवरी को थाना अम्बाला शहर में शिकायत दर्ज करवाई थी कि 09 जनवरी को काजीवाड़ा अम्बाला शहर के पास आरोपी विजय कुमार ने मारने की नीयत से उसे सुआ मार कर घायल कर दिया। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी थी।

एसडी विद्या स्कूल में सूर्य नमस्कार का ऑनलाइन आयोजन

अम्बाला (जगमार्ग न्यूज)। द एस. डी विद्या स्कूल अंबाला छावनी में आज़ादी के अमृत महोत्सव के बैनर तले सूर्य नमस्कार गतिविधि का आयोजन किया गया। यह गतिविधि कक्षा 4 से कक्षा बारहवीं तक के छात्र छात्राओं के लिए ऑनलाइन आयोजित की गई। सभी विद्यार्थियों को खेल विभाग के योग अध्यापक लाभ सिंह ने सूर्य नमस्कार के विभिन्न आसन सिखाए। सभी बच्चों ने बड़े ही उत्साह व जोश के साथ सूर्य नमस्कार के सभी आसन किए। इस गतिविधि के तहत सभी बच्चों को सूर्य नमस्कार के बारे में भी बताया गया कि योग हमारे जीवन का अभिन्न अंग है तथा इसके साथ हमारा शरीर स्वस्थ व निरोगी रहता है। सूर्य नमस्कार के बारे अध्यापक लाभ सिंह ने बताया कि सूर्य पृथ्वी पर रहने वाली सभी चीजों के लिए ऊर्जा का स्रोत है। सूर्य नमस्कार आध्यात्मिक उन्नति के लिए भी किया जाता है। सूर्य नमस्कार सूर्य उदय और सूर्य अस्त के समय किया जाता है। इसे 8 आसनों के तहत 12 चरणों में किया जाता है। विद्यालय की प्रबंधक कमेटी के प्रधान बी. के. सोनी की देख- रेख में विद्यालय विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ- साथ इस प्रकार की अन्य गतिविधियों में भाग लेने के लिए भी प्रेरित करता है । विद्यालय की निर्देशक प्राचार्या नील इंद्रजीत कौर संधू ने खेल विभाग के अध्यापकों का धन्यवाद किया जिनकी देखरेख में बच्चों ने इस गतिविधि को बहुत ही उत्साह से किया।

स्वच्छता रैंकिंग में अव्वल शास्त्री कालोनी चेयरमैन कपिल विज ने सभी को बधाई दी

जगमार्ग न्यूज

अम्बाला। शास्त्री कालोनी परिवार रेजिडेंस सोसाइटी को नगर परिषद अम्बाला सदर द्वारा करवाए गए सर्वे में ए प्लस रैंकिंग देते हुए प्रथम घोषित किया गया है। विभिन्न मापदंडों पर कालोनी में साफ-सफाई एवं अन्य कार्यप्रणाली को बेहतर आंका गया है जिसकेआधार पर यह रैंकिंग कालोनी को प्रदान की गई है। सोसाइटी के चेयरमैन कपिल विज एवं अध्यक्ष अशोक ने सभी कालोनीवासियों को इसके लिए बधाई दी है। उन्होंने कहा कि कालोनियों वासियोंके सहयोग से ही प्रथम रैंकिंग हासिल की गई है।

सोसाइटी के महासचिव बलित नागपाल ने बताया कि गृह व स्वास्थ्य मंत्री श्री अनिल विज जी के मार्गदर्शन में सोसाइटी को लगातार प्रोत्साहन मिल रहा है और कालोनी के लिए बेहतर से बेहतर कार्य करने की प्रेरणा मिलती है। महासचिव बलित नागपाल ने बताया कि नगर परिषद की 5 सदस्यीय टीम ने गत दिनों छावनी की अलग-अलग कालोनियों में जाकर स्वच्छता एवं अन्य पहलुओं को लेकर सर्वे किया था। कपिल विज ने कहा कि कालोनीवासी क्षेत्र में स्वच्छता को लेकर पूरी तरह से सजग है। आगे भी स्वच्छता को लेकर आगे भी पूरा ध्यान रखा जाएगा। इस अवसर पर राजेश अग्रवाल,गौरव सोनी ,डा. हरप्रकाश, सुमेश खनना, दीपक कौशिक, विपिन खन्ना, विवेक जैन, गुडू शारदा,अश्विन नागपाल, दविदर सिंह, आशीष मल्होत्रा, पूनम गुप्ता, वनिता दुग्गल, अरूणा खेडा,मधु, प्रीति, रिया आदि ने भी सभी को बधाई दी है।

जुआरियों पर शिकंजा

अम्बाला (जगमार्ग न्यूज)। पुलिस अधीक्षक अम्बाला जशनदीप सिहँ रंधावा के निर्देशानुसार जुआरियों/सट्टा खेलने वालों के खिलाफ जुआ अधिनियम 1967 के अर्न्तगत चलाए जा रहे विशेष अभियान के दौरान थाना अम्बाला छावनी क्षेत्र नजदीक मच्छी मौहल्ला 12 क्रास रोड अम्बाला छावनी से सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेलने के मामले में गत दिवस पुलिस ने निरीक्षक नरेश कुमार के नेतृत्व में तुरन्त कार्यवाही करते हुए आरोपी राहुल निवासी दीना की मण्डी अम्बाला छावनी, दीपक, दिनेश निवासी सुभाष नगर कालोनी नजदीक राज बुक डिपो शाहबाद जिला कुरुक्षेत्र, अभिषेक कुमार, सुमित कुमार, साहिल सिहँ, दीपक, अमित पाण्डे, सुमित निवासी बिहारी लाल बिल्डिंग 12 क्रास रोड अम्बाला छावनी व रोहित निवासी पक्की सराय 12 क्रास रोड अम्बाला छावनी को सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेलते हुए गिरफ्तार कर 83 हजार -रूपये बरामद कर थाना अम्बाला छावनी में मामला दर्ज किया। थाना अम्बाला छावनी पुलिस को सूचना मिली थी कि नजदीक मच्छी मौहल्ला 12 क्रास रोड अम्बाला छावनी के पास कुछ लोगों के द्वारा जुआ खेला जा रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस ने निरीक्षक नरेश कुमार के नेतृत्व में तुरन्त कार्यवाही करते हुए छापेमारी की और छापेमारी के दौरान जुआ खेलते 10 आरोपियों को गिरफ्तार कर उनसे 83 हजार रूपये बरामद कर थाना अम्बाला छावनी में मामला दर्ज किया।

विकास कार्यो में तेजी लाएं अधिकारी: कटारिया

बैठक के दौरान अधिकारियों को संबोधित करते सांसद रतनलाल कटारिया।

जगमार्ग न्यूज

यमुनानगर। पूर्व केन्द्रीय राज्य मंत्री एवं अंबाला के सांसद रतन लाल कटारिया ने सोमवार को जिला सचिवालय के कांफ्रेंस रूम में डिस्ट्रिक डिवेल्पमैंट कोर्डिनेशन एवं मॉनिटरिंग कमेटी (दिशा)की बैठक की अध्यक्षता की। उन्होंने बैठक में केन्द्र सरकार द्वारा प्रायोजित विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा की और अधिकारियों को सभी लक्ष्य समय पर हासिल करने के साथ-साथ विकास कार्यो तेजी लाने के निर्देश दिए। मौके पर सिटी विधायक घनश्याम दास अरोड़ा व उपायुक्त एवं डिस्ट्रिक डिवेल्पमैंट कोर्डिनेशन एवं मॉनिटरिंग कमेटी के सदस्य सचिव पार्थ गुप्ता मौजूद रहे।

सांसद एवं डिस्ट्रिक डिवेल्पमैंट कोर्डिनेशन एवं मॉनिटरिंग कमेटी के चेयरमैन रतन लाल कटारिया ने कहा कि केन्द्र सरकार द्वारा प्रायोजित योजनाओं की समीक्षा स्वयं प्रधानमंत्री भी करते हैं और अधिकारी इस विषय की ग भीरता को समझते हुए सभी लक्ष्य निर्धारित अवधि में पूरा करें। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सभी सांसदों से उनके हल्कों में चल रहे विकास कार्यो के बारे में पूछते हैं। उन्होंने अधिकारियों से विकास कार्यों को समय रहते पूरा करें और विकास कार्यो की गुणवत्ता पर भी विशेष ध्यान दें ताकि जिला का चौहमुखी विकास हो सकें।

इस मौके पर सिटी विधायक घनश्याम दास अरोड़ा ने भी अपने विचार रखे।

⇨ अंबाला के सांसद रतनलाल कटारिया ने की केन्द्र प्रायोजित योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा

नवनियुक्त युवा मोर्चा वार्ड प्रधानों का भाजपा पटका पहनाकर स्वागत हुआ

जगमार्ग न्यूज

अम्बाला। गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज से विचार विमर्श कर सदर मंडल प्रधान राजीव गुप्ता डिम्पल की अध्यक्षता में पी डब्लू डी रेस्ट हाउस में युवा मोर्चा प्रधान इकबाल ढांडा व युवा मोर्चा प्रभारी प्रवेश शर्मा के नेतृत्व में सदर मंडल युवा मोर्चा वार्ड प्रधानों को नियुक्त किया गया।

सभी नवनियुक्त युवा मोर्चा वार्ड प्रधानों को भाजपा का पटका पहनाकर स्वागत किया गया। सदर मंडल प्रधान राजीव गुप्ता डिम्पल ने बताया कि भाजपा में वार्ड प्रधानो की बहुत बड़ी जिम्मेदारी है। उन्होंने आगामी 23 जनवरी को मनाये जाने के लिए नेता जी सुभाष चन्दर बोस की जयंती के कार्यक्रम की रूप रेखा विस्तार पूर्वक बताई। इस बैठक में सदर मंडल सह मीडिया प्रभारी अभिकान्त वत्स ,युवा मोर्चा कोषाध्यक्ष अमन शेर, युवा मोर्चा मीडिया प्रभारी अशोक ठाकुर व नवनियुक्त युवा मोर्चा वार्ड प्रधान नंबर 22 से रोहित चौहान 23 से सतीश कुमार 24 से शिवम टंडन 25 से यतिन अग्रवाल 26 से चिराग वह 27 से शमी चौहान 28 से आशीष सभरवाल 29 से संजीव कुमार 30 से साहिल राज अग्रवाल 31 सम्भ यादव व कंटोनमेंट बोर्ड से वरुण कुमार सुमित रमन राज अनुज गौरव अनिल गौतम अनुज को युवा मोर्चा वार्ड प्रधान नियुक्त किया गया।

⇨ नेताजी जयंती कार्यक्रम की रूपरेखा बताई

आरोप विभिन्न संगठनों ने पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपकर दर्ज मामलों को रद्द किए जाने की मांग की

पीटीआई शिक्षकों के साथ तानाशाही रवैया अपना रही है भाजपा सरकार: सांगवान

जगमार्ग न्यूज

यमुनानगर। अखिल भारतीय किसान सभा, सर्व कर्मचारी संघ व सीटू के सदस्यों ने सोमवार को जिला पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल को ज्ञापन सौंपकर गत दिनों शिक्षा मंत्री कंवरपाल के निवास स्थान पर प्रदर्शन के दौरान दो सौ पीटीआई शिक्षकों पर दर्ज किए गए मामलों को रद्द किए जाने और बर्खाशत किए गए पुलिस कर्मचारियों को बहाल किए जाने की मांग की। मौके पर सदस्यों ने उनकी मांग पूरी नहीं किए जाने पर आंदोलन करने की चेतावनी दी। सोमवार सुबह अखिल भारतीय किसान सभा, सर्व कर्मचारी संघ व सीटू के सदस्य जिला सचिवालय पहुंचे। इस दौरान उन्होंने

अखिल भातीय किसान सभा के वरिष्ठ सदस्य जरनैल सिंह सांगवान के नेतृत्व में पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने ज्ञापन में कहा कि पिछले काफी दिन से नौकरी से हटाए गए पीटीआई शिक्षक अपनी बहाली को लेकर जिला सचिवालय के समक्ष धरना प्रदर्शन कर रहे हैं। गत 11 जनवरी को सभी पीटीआई शिक्षक जगाधरी में उनके निवास स्थान पर अपनी मांग को लेकर गए थे। वहां पर उनकी बात नहीं सुनी गई और उल्टा दो सौ शिक्षकों के खिलाफ मामला दर्ज कर लोकतंत्र की हत्या की गई। यही नहीं इस दौरान वहां ड्यूटी पर तैनात पुलिस के करीब 40 कर्मचारियों को लापरवाही बरतने का कारण बताकर सस्पेंड कर दिया गया।

⇨ मांग पूरी नहीं होने पर किया आंदोलन करने का ऐलान

अखिल भारतीय किसान सभा के वरिष्ठ सदस्य जरनैल सिंह सांगवान ने कहा कि प्रदेश की भाजपा-जजपा गठबंध सरकार लोकतंत्र की हत्या कर रही है। वह पीटीआई शिक्षकों के साथ तानाशाही रवैया अपना रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने पीटीआई शिक्षकों को उनका चुल्हा बूझने नहीं देने का आश्वासन दिया था। मगर अब पीटीआई शिक्षकों साथ उल्टा हो रहा है और उन पर झूठे मामले दर्ज कर जेलों में ठूंसने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने पुलिस अधीक्षक से पीटीआई शिक्षकों पर दर्ज मामलों को रद्द किए जाने और सस्पेंड किए गए पुलिस कर्मचारियों को बहाल किए जाने की मांग की।